C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:16 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:58 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 82 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 16 सितम्बर 2026

उतार रहे थे बप्पा की आरती...पेज-3 पर

News कॉर्नर

### नैनीताल में आज से श्री मां नंदा महोत्सव का आगाज



नैनीताल । नैनीताल की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे 124वें आठ दिवसीय श्री मां नंदा देवी महोत्सव -2026 का बुधवार (आज) से आगाज होगा।

सभा परिवार ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सभा के अध्यक्ष मनोज साह व महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी व महोत्सव मीडिया प्रभारी प्रो.ललित तिवारी व मुकेश जोशी ने बताया कि श्री नंदा देवी महोत्सव का शुभारंभ बुधवार (आज) सभा भवन में अपरान्ह 2 बजे से आमंत्रित अतिथियों की ओर से किया जाएगा तत्पश्चात कदली दल मंगोली को रवाना होगा । परंपरा अनुरूप सभा भवन में उद्घाटन पर लाल तथा सफेद ध्वज दल को प्रदान किया जाएगा तथा 124 वें नंदा महोत्सव का शुभारंभ होगा । उन्होंने सभी लोगों से महोत्सव में प्रतिभाग करने की गुजारिश की है।

### जागेश्वर से दिनेश कुंजवाल यूकेडी को प्रत्याशी बनाने पर बनीं सहमति

अल्मोड़ा। विकासखंड धौलादेवी के वन विभाग गेस्ट हाउस में उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) की बैठक हुई। ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सिंह ऐरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में युवाओं और राज्य आंदोलनकारियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि केंद्रीय उपाध्यक्ष दिनेश कुंजवाल का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। दिनेश कुंजवाल ने युवाओं से जागेश्वर विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर पर यूकेडी को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में धौलादेवी ब्लॉक के कार्यकर्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव में जागेश्वर सीट से दिनेश कुंजवाल को विधायक प्रत्याशी घोषित करने पर सर्वसम्मति से सहमति जताई। ठ

## औली में भारत-अमेरिका की सैन्य ताकत का अभ्यास

चमोली

हमारे संवाददाता

हिमालयी क्षेत्र में युद्ध की चुनौतियों से निपटने और आपसी सैन्य तालमेल को मजबूत करने की दिशा में भारत-अमेरिका की सेनाएं साथ उतरी हैं। औली में शुरू हुए इस संयुक्त अभ्यास में दोनों देशों के 600-600 सैन्यकर्मी हिस्सा ले रहे हैं।

भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास के 22वें संस्करण का उद्घाटन समारोह मंगलवार को औली स्थित विदेशी प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया। अभ्यास में दोनों देशों के 600-600 सैन्यकर्मी हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर अमेरिकी सेना की



14वीं इन्फेंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल अमरेश गुंजन और 11वीं एयरबोर्न डिवीजन की पहली इन्फेंट्री ब्रिगेड कॉम्बैट टीम के कमांडर कर्नल बेंजामिन जैकमैन ने प्रतिभागी दलों को संबोधित किया।

संयुक्त अभ्यास औली के साथ राजस्थान स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भी आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्वतीय और अर्धपर्वतीय क्षेत्रों में एकीकृत युद्ध समूहों के उपयोग के लिए दोनों सेनाओं की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है। अभ्यास में पैदल सेना आधारित अभियानों पर विशेष जोर दिया जाएगा।

**तैयारी**

- पर्वतीय युद्ध कौशल और आधुनिक तकनीक पर रहेगा फोकस

अभ्यास के दौरान दोनों देशों की सेनाएं रणनीति, तकनीक और संचालन की प्रक्रियाओं को साझा करेंगी। साथ ही संयुक्त योजना और अभियान के क्रियान्वयन के जरिए आपसी अंतर-संचालनीयता को मजबूत किया जाएगा। विभिन्न भू-भागों और चुनौतीपूर्ण परिचालन परिस्थितियों में समन्वित सैन्य अभियानों की क्षमता बढ़ाने पर भी जोर रहेगा। अभ्यास में आधुनिक तकनीक को भी प्रमुखता दी गई है। निगरानी और टोही अभियानों के लिए ड्रोन तथा स्वायत्त प्रणालियों का इस्तेमाल किया जाएगा। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में आधुनिक हथियार प्रणालियों का प्रदर्शन भी होगा। दोनों देशों के विशेषज्ञ उभरती सैन्य तकनीकों और बहु-क्षेत्रीय युद्ध में हो रहे बदलावों पर अनुभव साझा करेंगे।

पश्चिम एशिया तनाव

## मक्का की तरफ भेजा ड्रोन सऊदी ने इंटरसेप्ट किया, हूतियों का इनकार

नई दिल्ली

एजेंसी

मक्का के प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में प्रवेश से पहले ड्रोन मार गिराने के सऊदी दावे ने हूती-सऊदी संघर्ष को नया आयाम दे दिया है। हूती पक्ष ने मक्का को निशाना बनाने से इनकार किया है, जबकि दोनों ओर से हवाई और ड्रोन हमले जारी हैं। इस बीच सऊदी क्राउन प्रिंस ने मोखा और बाब अल-मंदब क्षेत्र में हूतियों के खिलाफ मिस्र से राजनीतिक समर्थन मांगा है।



सऊदी अरब ने दावा किया है कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने मक्का के प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले एक ड्रोन को मार गिराया है। सऊदी सैन्य प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने चेतावनी दी कि मक्का और दोनों पवित्र मस्जिदों की सुरक्षा उसके लिए रेड लाइन है और किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्रवाई का जवाब दिया जाएगा। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब यमन के हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं और लाल सागर के रणनीतिक इलाकों में अपनी सैन्य स्थिति मजबूत कर ली है। हूती पक्ष ने मक्का को निशाना बनाने के आरोप को खारिज किया है, लेकिन सीमा पार हमलों और सऊदी हवाई कार्रवाई ने पूरे क्षेत्र में तनाव को फिर चरम पर पहुंचा दिया है।

सऊदी सैन्य अधिकारियों के अनुसार, ड्रोन को मक्का के प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में पहुंचने से पहले ही इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया गया। अल-मलिकी ने कहा कि पवित्र शहर और वहां आने वाले जायरीनों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि सऊदी अरब भविष्य में ऐसे हमलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सकता है। हालांकि हूती पक्ष ने इस दावे को सीधे खारिज कर दिया। हूती नेता हाजेम अल-असद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मक्का को निशाना बनाए जाने के आरोप को पुराना और बेबुनियाद बताया। ऐसे में ड्रोन की उत्पत्ति और उसके वास्तविक लक्ष्य को लेकर दोनों पक्षों के दावे अलग-अलग हैं।

## सनसनी: 29 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जवाहर नगर में एक घर के भीतर मौत का ऐसा मंजर सामने आया, जिसने पूरे इलाके को हिला दिया। कमरे के अंदर 29 वर्षीय अमन ठाकुर की लाश पड़ी थी और गले पर मिले निशान ने इस मौत को और रहस्यमय बना दिया। देखते ही देखते खबर पूरे इलाके में फैल गई। सवाल एक ही—अमन की सांसें आखिर किन हालात में थमीं? मामला हत्या का है या आत्महत्या का, पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है।

अमन ठाकुर पुत्र भोले ठाकुर मूल रूप से गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला था। वह जवाहर नगर वार्ड नंबर-14 में परवीना पत्नी स्वर्गीय जगदीश के यहां करीब चार-पांच वर्षों से रह रहा था। बुधवार सुबह घर के भीतर उसके संदिग्ध हालत में पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली तो बनभूलपुरा कोतवाली में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही कोतवाल दिनेश सिंह फर्त्याल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। लेकिन घटनास्थल पर मिले गले के निशान ने जांच को सीधे एक गंभीर सवाल के सामने खड़ा कर दिया।

कोतवाल दिनेश फर्त्याल के मुताबिक मृतक के गले पर निशान पाए गए हैं। हालांकि ये निशान कैसे और किन परिस्थितियों में आए, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस घटनास्थल से जुड़े तथ्यों को जुटाने के साथ ही संबंधित लोगों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट को जांच की अहम कड़ी माना जा रहा है। रिपोर्ट सामने आने के बाद ही पता चलेगा कि जवाहर नगर के इस बंद कमरे में आखिर अमन की जिंदगी का आखिरी अध्याय कैसे लिखा गया।



## 95 हजार की संदिग्ध रकम ने खोली साइबर ठगी की कड़ी, खाताधारक पर मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

साइबर ठगों की करतूतों में अब बैंक खाते भी बड़ी कड़ी बनते जा रहे हैं। मुखानी पुलिस की जांच में एक ऐसा बैंक खाता सामने आया है, जिसमें करीब 95 हजार रुपये के संदिग्ध लेनदेन का पता चला है। इतना ही नहीं, खाते से जुड़े मामले में एनसीआरपी पोर्टल पर चार शिकायतें दर्ज मिली हैं।

पुलिस ने खाताधारक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अब इस बात की पड़ताल शुरू कर दी है कि खाते में आई रकम कहां से आई और इसका इस्तेमाल किन लोगों ने किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल के निर्देश पर साइबर सेल/हॉटस्पॉट से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर संबंधित बैंक खाते की जांच की गई। पुलिस के अनुसार खाता जवाहर ज्योति, पोस्ट हरिपुर नायक, दमुवाढूंगा निवासी मनमोहन सती के नाम पर पाया गया। पुलिस ने खाते की तस्दीक के लिए संबंधित खाताधारक से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन दर्ज मोबाइल नंबर बंद मिला।

इसके बाद पुलिस ने खाते में हुए लेनदेन और उससे संबंधित शिकायतों की जानकारी खंगाली। जांच में पुलिस के अनुसार खाते में साइबर अपराध से संबंधित संदिग्ध लेनदेन सामने आया। मुखानी थाने में मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अब पुलिस खाते से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

## मेडिकल कॉलेज में इंटर्न छात्रों का सब्र टूटा, स्टाइपेंड के लिए हड़ताल पर बैठे

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

अस्पताल में सेवाएं देने के बाद भी जेब खाली और मांगों पर खामोशी—राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में एलाइड हेल्थ केयर प्रोफेशन के इंटर्न छात्रों का आखिरकार सब्र जवाब दे गया।

पिछले दो वर्षों से स्टाइपेंड की मांग को लेकर शासन-प्रशासन और मुख्यमंत्री तक अपनी आवाज पहुंचाने का दावा कर रहे छात्रों ने अब हड़ताल शुरू कर दी है। छात्रों का कहना है कि लगातार मांग उठाने के बावजूद ठोस निर्णय नहीं होने पर उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। छात्रों के मुताबिक राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में एलाइड हेल्थ केयर प्रोफेशन के सत्र 2022, 2023, 2024 और 2025 के छात्र इंटर्नशिप कर चुके हैं या कर रहे हैं, लेकिन इंटर्नशिप अवधि में उन्हें कोई





मासिक मानदेय या स्टाइपेंड नहीं दिया जा रहा है। हड़ताल कर रहे छात्रों की प्रमुख मांग है कि इंटर्नशिप के दौरान उन्हें कम से कम 15 हजार रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाए। छात्रों का कहना है कि इंटर्नशिप महज प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि वे अस्पताल में नियमित रूप से व्यावहारिक कार्य और स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान भी देते हैं। ऐसे में बिना किसी मानदेय के काम करना उनके लिए आर्थिक रूप से मुश्किल है। छात्रों का कहना है कि वर्ष 2005 से पहले पैरामेडिकल विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के दौरान मानदेय दिए जाने का प्रावधान था। वर्ष 2020 में पैरामेडिकल/एलाइड हेल्थ केयर प्रोफेशन का पाठ्यक्रम दोबारा शुरू होने के बाद से इंटर्न छात्रों को स्टाइपेंड दिए जाने का मुद्दा लगातार उठाया जा रहा है। छात्रों के मुताबिक उन्होंने मुख्यमंत्री और संबंधित अधिकारियों तक कई बार अपनी मांग पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन समाधान नहीं होने के कारण अब आंदोलन शुरू करना पड़ा है।

### 'ठोस निर्णय तक जारी रह सकता है आंदोलन'

हड़ताल पर बैठे छात्रों ने सरकार से इंटर्नशिप के दौरान 15 हजार मासिक स्टाइपेंड लागू करने और इसके लिए शासनादेश जारी करने की मांग की है। छात्रों का कहना है कि जब तक सरकार की ओर से उनकी मांग पर सकारात्मक और ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रह सकता है। छात्रों ने मुख्यमंत्री से मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर समाधान कराने की अपील की है।

# देशभर के 13 लेखक हुए सम्मानित, पुरस्कार में एक लाख रुपए की राशि दी



**नवी मुंबई/नैनीताल**
हमारे संवाददाता

वरिष्ठ पत्रकार और लेखक कुमाऊं विवि नैनीताल के पत्रकारिता विभाग के पूर्व विभागध्यक्ष डॉ. गिरीश रंजन तिवारी को केंद्रीय गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग की ओर से नवी मुंबई में आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में प्रतिष्ठित राजभाषा गौरव सम्मान प्रदान किया गया। इस वर्ष विभिन्न श्रेणियों में देशभर से 13 लेखकों को यह पुरस्कार दिया गया जिनमें उत्तराखंड राज्य से यह सम्मान प्राप्त करने वाले डॉ. तिवारी एकमात्र लेखक और उत्तराखंड से पहले पत्रकार हैं। पुरस्कार के तहत प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और एक लाख रुपए की राशि दी गई। उन्हें यह पुरस्कार उनकी पुस्तक अतीत से वर्तमान तक नैनीताल का सफर और गॉथिक राजभवन के निर्माण की अद्भुत गाथा के लिए प्रदान किया गया। डॉ. तिवारी को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और बंडी संजय कुमार ने पुरस्कार प्रदान किया। अमित शाह ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि लेखन और हिंदी के प्रचार में उनका अविस्मरणीय योगदान है। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सहित महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फ डणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं सुनेत्रा पवार, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और बंडी संजय कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी और भारी तादाद में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संचालन राजभाषा विभाग की सचिव अंशुली आर्या ने किया।

**उल्लेखनीय कार्य के लिए दिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कारः** हिंदी में उल्लेखनीय कार्यों के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से पंजाब नेशनल बैंक, प्रवर्तन निदेशालय, यूनियन बैंक, जीएसआईए कैनारा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, नाबार्ड, इंडियन ओवरसीज बैंक, भाखड़ा नयास प्रबंध बोर्ड, राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय संगठन, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन, रक्षा मंत्रालय, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, हडको, एचपीसीएल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय को पुरस्कृत किया गया।

## हिंदी शबद- सिंधु बनेगा विश्व का सबसे बड़ा शब्द कोषः शाह

सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हिंदी शबद सिंधु में अब आठ लाख शब्द शामिल हो चुके हैं और इसमें विभिन्न भारतीय भाषाओं के 50 हजार से अधिक स्थानीय शबद भी जोड़े गए हैं जिससे हिंदी अधिक समृद्ध हुई है। उन्होंने विश्वास जताया कि 2029 तक यह विश्व का सबसे बड़ा शबद कोष बन जाएगा। सम्मेलन के दौरान राजभाषा विभाग, डीआरडीओ सहित विभिन्न संस्थानों के प्रकाशनों का लोकार्पण किया गया तथा अलावा भारती बहुभाषी अनुवाद सारथी, ऐप, भारतीय भाषाओं को समर्पित देश के पहले डेटा सेंटर भाषा कुंज का लोकार्पण तथा हिंदी शबद संसाधन, टंकण और आशुलिपि प्रशिक्षण की शुरुआत भी की गई।

## विभिन्न विषयों पर वक्ताओं ने किया संबोधित

सम्मेलन को संयुक्त सचिव अभिषेक झा, पार्श्व गायक हरिहरन, कथाकार नीलेश मिसरा, वैज्ञानिक एवं तकनीकी शबदावली आयोग के अध्यक्ष प्रो. हितेंद्र मिश्र, जॉयदीप चट्टोपाध्याय, डीआईजी लखनऊ सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज,तापी जिले के डीएम देव चौधरी, आईपीएस वचन कांडपाल, कस्टम आयुक्त श्रद्धा जोशी शर्मा, वैज्ञानिक एवं तकनीकी शबदावली आयोग के अध्यक्ष हितेंद्र मिश्र,मुखय आयकर आयुक्त मीनाक्षी सिंह,सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ कल्याण कुमार, इंडियन ओवरसीज बैंक के प्रबंध निदेशक अजय कुमार श्रीवास्तव,यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक एवं सीईओ आशीष पाण्डेय, महालेखाकार वरुण अहलूवालिया, इंडियन बैंक की मुखय महाप्रबंधक वीएन माया ने संबोधित किया।

## विभिन्न विषयों पर वक्ताओं ने किया संबोधित

सम्मेलन को संयुक्त सचिव अभिषेक झा, पार्श्व गायक हरिहरन, कथाकार नीलेश मिसरा, वैज्ञानिक एवं तकनीकी शबदावली आयोग के अध्यक्ष प्रो. हितेंद्र मिश्र, जॉयदीप चट्टोपाध्याय, डीआईजी लखनऊ सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज,तापी जिले के डीएम देव चौधरी, आईपीएस वचन कांडपाल, कस्टम आयुक्त श्रद्धा जोशी शर्मा, वैज्ञानिक एवं तकनीकी शबदावली आयोग के अध्यक्ष हितेंद्र मिश्र,मुखय आयकर आयुक्त मीनाक्षी सिंह,सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ कल्याण कुमार, इंडियन ओवरसीज बैंक के प्रबंध निदेशक अजय कुमार श्रीवास्तव,यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक एवं सीईओ आशीष पाण्डेय, महालेखाकार वरुण अहलूवालिया, इंडियन बैंक की मुखय महाप्रबंधक वीएन माया ने संबोधित किया।

## अमेरिका, हंगरीए मॉरीशस के भारतीय दूतावासों सहित अनेक देशों में हो चुके हैं पुरस्कृत

**नैनीताल ।** डॉ. गिरीश रंजन तिवारी हिंदी लेखन, पत्रकारिता और हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए अमेरिका, हंगरी और मॉरीशस के भारतीय दूतावासों, थाईलैंड, सिंगापुर की प्रतिष्ठित संस्थाओं और विश्वविद्यालयों सहित देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थाओं की ओर से भी पुरस्कृत हो चुके हैं। पत्रकारिता पर वे तीन पुस्तकें लिख चुके हैं जिनमें एक का विमोचन मॉरीशस के राष्ट्रपति ने वहां के राष्ट्रपति भवन में किया था। उनके दो दर्जन शोध पत्र और एक हजार से ज्यादा लेख भी प्रकाशित हो चुके हैं। उन्हें उत्तराखंड रत्न, राज्य सूचना आयोग से आरटीआई अवार्ड, अंतर्राष्ट्रीय भारत सममान अचीवर्स अवार्ड सहित अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं।




# मांगों की अनदेखी के विरोध में आशा वर्कर्स ने किया प्रदर्शन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

बार-बार आंदोलन करने के बाद भी प्रदेश सरकार की ओर से आशा कार्यकर्ताओं की मानदेय बढ़ाने,राज्य कर्मचारी का दर्जा देने समेत 10 सूत्रीय मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। गुस्साई आशा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को नैनीताल के तल्लीताल गांधी चौक में उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्श कर अपनी 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की,उसके बाद उन्होंने सीएम को ज्ञापन भी भेजा।

प्रदर्शन में चंद्रा सती, दुर्गा टमटा, राधा रानी, मनीषा आर्या, सरिता कुरिया, विमला साह, कमला बिष्ट, शांति आर्या, निर्मला चंद्रा, इंदुबाला, अनिता आर्या,देवकी रौतेला, नीलम बिष्ट,हेमा जोशी, सुधा साह,चंपा देवी, रश्मि राणा, तुलसी बिष्ट, प्रेमा अधिकारी, हेमा पाठक, अलका सती व कुसुमलता सनवाल समेत कई आशा वर्कर्स मौजूद रही।

# बिशप शॉ इण्टर कॉलेज में नशामुक्ति जागरूकता एवं संवेदीकरण कार्यक्रम

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

डॉ. आर.एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी नैनीताल एवं राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान (एनआईएसडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालयए भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को बिशप शॉ इंटर कॉलेज नैनीताल में विद्यालयी स्तर पर नशा मुक्ति जागरूकता एवं संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 110 प्रतिभागियों, जिसमें विद्यार्थी एवं शिक्षक शामिल रहे ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम निदेशक सुश्री रागिनी तिवारी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं सीजीजी अकादमी द्वारा एनआईएसडी के सहयोग से विभिन्न विद्यालयों में किए जा रहे नशा.निवारण संबंधी प्रयासों की जानकारी दी वहीं डॉ. किरण तिवारी सहायक प्राध्यापक कुमाऊं विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे की रोकथाम में विद्यालयों की भूमिका, मादक पदार्थों के दुरुपयोगए साथियों के दबाव एवं मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवेदीकरण प्रदान किया। अंत में प्रतिभागियों द्वारा ट्रेनिंग गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न स्लोगन बनाए गये एवं नशे से दूर रहने तथा नशा.मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया गया।



## NEWS / फटाफट

### राज्यपाल, मुखयमंत्री और शिक्षा मंत्री ने बताया उत्तराखंड का गौरव

**देहरादून/नैनीताल।** डॉ. गिरीश रंजन तिवारी को इस पुरस्कार की घोषणा होने पर उत्तराखंड के राज्यपाल ले.जन (सेनि). गुरमीत सिंह मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत ने इसे उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय बताते हुए डॉ. तिवारी को बधाई देते हुए कहा था कि ज्ञान, विरासत और इतिहास को शबदों में सहेजकर उत्तराखंड को राष्ट्रीय स्तर पर सममान दिलाना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है और यह सममान उत्तराखण्ड की गौरवशाली विरासत और ऐतिहासिक धरोहर को देशभर में नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### नैनीताल के शेरवुड के जंगल में कचरे का अंबार



**नैनीताल ।** नैनीताल के वन क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के विशेष मकसद से टीम कलीन नैनीताल की टीम ने मंगलवार को शेरवुड कॉलेज के पीछे स्थित वन क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान के दौरान वन क्षेत्र में पुराने जूते-चप्पल, स्कूल एवं स्पोर्ट्स शूज, यूनिफ ॉर्म, पुराने कपड़े तथा सैंडल सहित बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा मिला। हैरानी की बात यह रही कि टिफि न टॉप को जाने वाली नेचर ट्रेल में जगह-जगह कूड़ेदान स्थापित होने के बावजूद जंगल की झाड़ियों और रास्तों पर कचरा बिखरा मिला। इस दौरान टीम के प्रतिनिधि आशु निगम ने पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों से प्राकृतिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने और जंगलों में कूड़ा न फेंकने की अपील की। कलीन नैनीताल के प्रशांत तिवारी ने बताया कि आगामी श्री मां नंदा देवी महोत्सव के दौरान हमारी संस्था जिला प्रशासन, नगर पालिका एवं विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से व्यापक जन.जागरूकता अभियान चलाएगी। इसका उद्देश्य मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को स्वच्छता और उचित कूड़ा निस्तारण के प्रति जागरूक करना होगा।अभियान में कोविद भट्ट, रोजी, राशि, अलीशा खान, समरीन फैसल, निहारिका चौबे, कामिनी, श्रीकांत, शिखा रावत, दीक्षा खोलिया, आशु निगम, यश गर्ग, पलक खोलिया, नितिन जॉन, रोहित, समद, शिवानी चंद्रा, दीपक फ र्त्याल, ज्योति फ र्त्याल, दीपक, मोहित पांडे एवं लघिमा शामिल रहे।

### प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने धरा को हरा भरा रखने हेतु किया पौधरोपण

**नैनीताल ।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान मंगलवार को 792वे दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 792वें दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास परिसर में अपने स्वर्गीय पिता तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में पौधारोपण किया।दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### ताकुला में सुरक्षा दीवार ढही, सड़क पर मंडरा रहा खतरा

**नैनीताल ।** नैनीताल-काठगोदाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर ताकुला के समीप बरसात के पानी की सही निकासी नहीं होने से सड़क की सुरक्षा दीवार ढह गई है। सुरक्षा दीवार टूटने के बाद अब सड़क के हिस्से पर भी खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों को आशंका है कि यदि समय रहते सुरक्षा दीवार की मरम्मत नहीं कराई गई तो सड़क का हिस्सा भी ढह सकता है। स्थानीय निवासी तारा दत्त जोशी ने बताया कि पूरी बरसात सड़क से बहने वाला पानी सुरक्षा दीवार से नीचे खाई की ओर जाता रहा। पानी की उचित निकासी नहीं होने के कारण लगातार बने दबाव से सुरक्षा दीवार कमजोर हुई और आखिरकार ढह गई। उनका कहना है कि वर्तमान स्थिति में सड़क के किनारे का हिस्सा भी असुरक्षित नजर आ रहा है। मामले में एनएचएआई के अधिशासी अभियंता महेंद्र कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार की जल्द मरममत कराई जाएगी। साथ ही बरसात के पानी की निकासी की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया जाएगाए ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या दोबारा न हो।

# कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के आय से अधिक संपत्ति मामले का किया रेफर

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के आय से अधिक संपत्ति मामले में नैनीताल हाईकोर्ट से बड़ी खबर सामने आई है। हाईकोर्ट में विचाराधीन याचिका में कोर्ट का आधिकारिक फैसला आने से पूर्व ही आदेश अपने पक्ष में बताने का दावा करना मंत्री गणेश जोशी को भारी पड़ गया है। इस मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की एकलपीठ ने पूर्व में सुनवाई पूरी कर सुरक्षित रखे फैसले को जारी करने से मना करते हुए मामले को दूसरी पीठ को रेफर करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि 8 सितंबर 2026 को इस मामले में बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा गया था, लेकिन कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण पूर्व पीठ द्वारा निर्णय दिया जाना उचित नहीं होगा। उच्च न्यायालय ने रजिस्ट्री को निर्देश जारी किए हैं कि इस आपराधिक पुनरीक्षण याचिका (एक्रक्र344/2025) को नई पीठ नामित करने हेतु मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

गौरतलब है कि देहरादून निवासी विकेश नेगी ने याचिका दायर कर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था। इससे पूर्व वर्ष 2025 में विशेष न्यायाधीश विजिलेंस / अपर जिला जज देहरादून की अदालत ने इस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। कोर्ट द्वारा फैसला सुरक्षित रखे जाने के बाद 11 सितंबर को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रेस वार्ता में बयान दिया था कि कोर्ट में उनके खिलाफ विचाराधीन याचिका खारिज हो गई है। फैसले से पहले ही मंत्री द्वारा दावा किए जाने के बाद मंगलवार को कोर्ट में हुई प्रक्रिया के तहत न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की एकलपीठ ने मामले को अब मुख्य न्यायाधीश के समक्ष दूसरी पीठ को संदर्भित करने के लिए भेज दिया है, जिसके बाद नई पीठ के गठन पर ही आगे की सुनवाई संभव होगी।

## धोखाधड़ी की शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने का आरोप

**नैनीताल ।** भवाली निवासी एक व्यापारी ने भवाली कोतवाली पुलिस पर बुजुर्ग महिला की ओर से दी गई धोखाधड़ी की शिकायत पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। व्यापारी ने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र सौंपकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

भवाली निवासी खजान चंद्र भट्ट ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि सात सितंबर को क्षेत्र निवासी 76 वर्षीय सरस्वती देवी उनके पास पहुंचीं और उनके साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी दी। महिला की ओर से उन्होंने भवाली कोतवाली में शिकायती पत्र भी दिलवाया। आरोप है कि शिकायत दिए जाने के एक सप्ताह बाद भी पुलिस की ओर से मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। व्यापारी ने एसएससपी से मामले का संज्ञान लेते हुए बुजुर्ग महिला की शिकायत की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## राजनीति में दामन साफ!

*उनका यह कहना मायने रखता है कि देश की राजनीति में भी भूचाल ला सकते हैं, क्योंकि जिस-जिस पार्टी में वह रहे हैं, उस पार्टी के नेताओं के बारे में उन्हें जानकारी है। उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद वर्ष 2002 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनी थी। नारायण दत्त तिवारी मुख्यमंत्री थे और हरक सिंह रावत उनके मंत्रिमंडल में शामिल थे। उस दौरान भी हरक सिंह रावत काफी चर्चित थे। हरीश रावत मुख्यमंत्री बने तो हरक सिंह रावत उनकी सरकार गिराने के लिए चर्चित हुए। इसके बाद भाजपा की सरकार में हरक सिंह रावत मंत्री बने और वन क्षेत्र में पाखरो सफारी जोन बनाने के लिए चर्चा में रहे।*

समाज के हर क्षेत्र में मर्यादा का पालन किया जाना चाहिए। सार्वजनिक जीवन में अनेक लोगों के सम्पर्क में रहने वाले व्यक्ति को विशेष रूप से सतर्कता बरतनी पड़ती है। राजनीति में साधारण कार्यकर्ता से लेकर जनप्रतिनिधि पर उंगली उठना मामूली बात है। नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहता है। कई बार जबान फिसलने पर अमर्यादित शब्दों का मुंह से निकलना अपमान का कारण बन जाता है, इसलिए नेता बोलते समय संयम बरतते हैं। उत्तराखंड में कुछ नेता लगातार चर्चा में बने रहते हैं। राज्य का गठन होने के बाद कांग्रेस और भाजपा को सत्ता मिलती रही है। हरक सिंह रावत चाहे सत्ता में हों अथवा विपक्ष में राजनीति की मुख्यधारा में बने रहते हैं। वन क्षेत्र में नया सफारी जोन बनाने के लिए हजारों पेड़ काटने के मामले में हरक सिंह रावत के खिलाफ जांच हो रही है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें हरक सिंह रावत मंत्रियों से लेकर अन्य नेताओं को छोटा भाई कहते हुए अपनी वरिष्ठता बता रहे हैं। एक तरह से हंसते हुए मजाक बना रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि उनका मुंह खुला तो उत्तराखंड ही नहीं, देश की राजनीति में भूचाल आ जायेगा। एक फिल्म में अभिनेता राजकुमार के डायलॉग को दोहराते हुए कहा था, 'जिनके घर कांच के होते हैं, उन्हें दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं उछालने चाहिएं।' यह बात सही है कि उत्तराखंड और देश की राजनीति में अनगिनत लोग दूध के धुले नहीं हैं, चाहे वह किसी भी पार्टी के हों। हरक सिंह रावत किसी एक पार्टी में नहीं रहे। दलबदल करने में भी हिचकते नहीं हैं। उनका यह कहना मायने रखता है कि देश की राजनीति में भी भूचाल ला सकते हैं, क्योंकि जिस-जिस पार्टी में वह रहे हैं, उस पार्टी के नेताओं के बारे में उन्हें जानकारी है। उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद वर्ष 2002 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनी थी। नारायण दत्त तिवारी मुख्यमंत्री थे और हरक सिंह रावत उनके मंत्रिमंडल में शामिल थे। उस दौरान भी हरक सिंह रावत काफी चर्चित थे। हरीश रावत मुख्यमंत्री बने तो हरक सिंह रावत उनकी सरकार गिराने के लिए चर्चित हुए। इसके बाद भाजपा की सरकार में हरक सिंह रावत मंत्री बने और वन क्षेत्र में पाखरो सफारी जोन बनाया। राज्य में सियासी उथल-पुथल होने पर हरक सिंह रावत कांग्रेस में वापस आ गये। कांग्रेस अब विपक्ष में है और हरक सिंह रावत के खिलाफ जांच हो रही है। प्रवर्तन निदेशालय 'ईडी' द्वारा हरक सिंह रावत से पूछताछ हुई। हरक सिंह रावत ने यहां तक कह दिया कि जिस दिन उनका मुंह खुला, तो सीबीआई और ईडी क्या करेगी, यदि खुद का दामन साफ है तो जांच करें, वह प्रमाण देंगे। हरक सिंह रावत के इस बयान से ईडी और सीबीआई पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। दामन तो साफ शायद ही किसी का हो।

# लेक सिटी वेलफेयर क्लबमें रंगोत्सव का आयोजन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

लेक सिटी वेलफेयर कलब की ओर से नैनीताल में मंगलवार को कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक के सहयोग से रंगोत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया गया।

इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ मुखय अतिथि एवं लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता रत्नेश सकसेना ने दीप प्रज्वलित कर किया। रंगोत्सव में नगर के 20 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग में सनवाल स्कूल ने प्रथम, निर्मला एकेडमी ने द्वितीय तथा भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उमंग प्रिपरेटरी स्कूल को सांत्वना पुरस्कार तथा अमेरिकन किड्स को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। जूनियर वर्ग में सेंट जॉन स्कूल नैनीताल ने प्रथम, रामा मॉन्टेसरी स्कूल ने द्वितीय और लेक्स इंटरनेशनल स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं नैनी पबलिक स्कूल एवं राधा चिल्ड्रेन्स एकेडमी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायक दीपा जोशी व श्रद्धा गुरुरानी रहे।



सीनियर वर्ग में मोहनलाल साह बाल विद्या मंदिर नैनीताल ने प्रथम, सैनिक स्कूल घोड़ाखाल भवाली ने द्वितीय तथा लॉन्ग व्यू पबलिक स्कूल नैनीताल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजकों ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी विद्यालयों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस अवसर पर कलब की सचिव डॉ. प्रगति जैन ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले कलब के समस्त सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रतियोगिता में समिलित विद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा नगरवासियों का भी हार्दिक अभिनंदन किया। कलब की अध्यक्ष कविता त्रिपाठी ने सभी सहयोगियों और सदस्यों का अभिनंदन करते हुए बताया कि लेक सिटी वेलफेयर कलब पिछले कई वर्षों से रंगोत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन करता आ रहा है।

क्लब की कोषाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजिका रमा भट्ट ने अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कलब की समन्वयक एवं कार्यक्रम सह.संयोजिका रानी साह ने विद्यार्थियों की मेहनत एवं प्रतिभा की सराहना करते हुए शिक्षकों और निर्णायक मंडल को विशेष धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्य अमिता साह शेरवानी, प्रेमा अधिकारी, विमलेश गोस्वामी, दीपिका बिनवाल, ज्योति ढौंढियाल, सीमा सेठ, अमिता साह, जीवंती भट्ट, हेमा भट्ट, मीनाक्षी कीर्ति, कंचन जोशी, मंजू दीदी, मंजू बिष्ट, विनीता पांडे, आभा साह, आशा दीदी, आशा साह, सविता कुलौरा, दया कुमार, सरिता त्रिपाठी, निवेदिता मेहरोत्रा, संगीता गुप्ता एवं भावना साह सहित कलब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। संचालन मीनाक्षी कीर्ति ने किया।

## कुविवि विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया हेतु एक और मौका

**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश से संबंधित लंबित प्रकरणों को देखते हुए विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का एक और अवसर प्रदान किया गया है।

कुलसचिव प्रो. राजनेश पाण्डे द्वारा जारी सूचना के अनुसार 14 सितंबर 2026 को समर्थ प्रवेश पोर्टल पर उत्पन्न तकनीकी समस्या के कारण कुछ अभयर्थी निर्धारित अवधि में अपनी प्रवेश संबंधी प्रक्रिया पूर्ण नहीं कर सके। विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए तथा माननीय कुलपति के अनुमोदन के क्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर दोनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश एवं प्रवेश शुल्क संबंधी लंबित कार्यवाही को पूर्ण करने के लिए समर्थ पोर्टल पर श्रिव्यू एंड प्रॉसेस सुविधा 16 सितंबर 2026 तक सक्रिय रखी जा रही है। विवि प्रशासन ने संबंधित महाविद्यालयों एवं संस्थानों से विद्यार्थियों को इसकी जानकारी तत्काल मुहैया कराने तथा निर्धारित अंतिम तिथि के भीतर लंबित प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया है।

## जी.जी.आई.सी. चोरगालिया में छात्राओं को दी गई ओजोन दिवस पर जानकारी



**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

रा. बा. इ. का. चोरगालिया में 16 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस मनाया गया। शिक्षिका रेखा आर्या ने ओजोन परत एवं ओजोन गैस के बारे में जानकारी देते हुए इसके संरक्षण के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया। इस अवसर पर छात्राओं के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में गीता आर्य कविता वाचन में भावना भट्ट, तथ्यों के प्रस्तुतिकरण में दुर्गा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या तनुजा जोशी ने सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए ओजोन दिवस की महत्ता एवं उपयोगिता के बारे में बताया कि हमें ऐसा कोई भी कार्य नही करना चाहिए जिससे ओजोन परत को नुकसान पहुंचे।

इस अवसर पर सभी शिक्षिकाएं एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं। इस अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा का समापन करते हुए छात्राओं को पुरुस्कृत भी किया गया।

## दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकालने का आरोप, पति पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** शादी के बाद दहेज की मांग और कथित घरेलू हिंसा का मामला मुखानी थाने पहुंचा है। विवाहिता ने पति पर मारपीट, मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने पति के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम समेत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवाहिता की शादी 30 नवंबर 2020 को नैनीताल निवासी मनोज कुमार से हुई थी।

महिला का आरोप है कि शादी में उसके मायके पक्ष ने 10 तोले से अधिक सोना, 10 तोले से अधिक चांदी के आभूषण, घरेलू सामान और तीन लाख रुपये नकद दिए थे। इसके बावजूद पति का व्यवहार समय के साथ कथित रूप से खराब होता गया। महिला ने आरोप लगाया कि पति अक्सर नशे की हालत में उसके साथ मारपीट करता और उसे घर से निकाल देता था।

# फिल्मी दुनिया

## गणपति उत्सव: सलमान उतार रहे थे बप्पा की आरती, हो गई गलती





*सलमान खान के भाई सोहेल खान ने गणेश चतुर्थी पर अपने यहां बप्पा का स्वागत किया। बीते दिन गणपति का विसर्जन हुआ। इस दौरान सलमान खान भी पहुंचे। बप्पा की आरती करते हुए उनसे अनजाने में एक चूक हो गई।*

*खान फैमिली में गणपित उत्सव खूब धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार भी सोहेल खान ने अपने यहां गणेश चतुर्थी पर बप्पा बिठाए। बीते दिन विसर्जन के साथ गणपति को विदाई दी गई। विसर्जन पूजा में सलमान खान भी शामिल हुए। परिवार के सदस्यों के साथ उन्होंने भगवान गणेश की पूजा की, लेकिन आरती उतारते हुए उनसे गलती हो गई। छोटी बहन अर्पिता ने तुरंत उन्हें ध्यान दिया। सोहेल खान के घर आयोजित गणपति पूजा में अर्पिता अपने परिवार के साथ पहुंचीं। सलमान खान, सोहेल समेत खान फैमिली के अन्य सदस्य व कई और सेलेब्स भी थे। सलमान खान जब बप्पा की पूजा कर रहे थे इस दौरान वे आरती की थाली उल्टी दिशा में घुमा रहे थे। बहन अर्पिता का ध्यान इस तरफ गया और उन्होने तुरंत भाई को टोकते हुए सीधी दिशा में थाली घुमाने का इशारा किया।*

### फैंस ने की अर्पिता की तारीफ

*सलमान खान का आरती उतारते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि अर्पिता खान बड़े भाई को उनकी गलती की तरफ ध्यान दिला रही हैं। इसके बाद सलमान खान ने तुरंत भूल सुधारी और मुस्कुरा उठे। पूजा करने के बाद वे भांजी आयत के पास गए और उन्हें आरती करने का तरीका समझाने लगे। इस वीडियो पर नेटिजंस के रिएक्शंस आ रहे हैं। अर्पिता ने जिस विनम्र तरीके से सलमान खान को उनकी अनजाने में हो रही गलती की तरफ ध्यान दिलाया, उसकी तारीफ हो रही है।*

## अधिवक्ता नवनीश नेगी को कथित तौर पर धमकी भरा पत्र मिलने से वकील समाज में रोष

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

अंकिता भंडारी हत्याकांड व कोटद्वार के मोहम्मद दीपक प्रकरण की हाईकोर्ट में पैरवी कर रहे अधिवक्ता नवनीश नेगी को कथित तौर पर बहुभाषीय धमकी भरा पत्र मिलने से वकील समाज में भारी रोष है। पत्र में पहले सड़क हादसा कराने और फि र हमला करने की धमकी का दावा किया गया है जिसकी शिकायत भवाली थाने में तहरीर, धमकी भरे पत्र और लिफाफे के साथ दर्ज करा दी गई है। इस घटना के विरोध में उत्तराखंड हाईकोर्ट बार सभागार में मंगलवार को आपात बैठक आयोजित की गई जिसमें बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत, महासचिव सौरभ अधिकारी, पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र सिंह पाल समेत भुवनेश जोशी, एम सी. पंत और कमलेश तिवारी सहित बड़ी संखया में अधिवक्ता मौजूद रहे। बैठक में सभी वकीलों ने एक स्वर में घटना की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि न्यायिक पैरवी को प्रभावित करने की यह कोशिश न्याय प्रक्रिया पर सीधा हमला है बैठक में अधिवक्ताओं ने सरकार से उत्तराखंड में जल्द से जल्द एडवोकेट प्रोटेकशन एकट लागू करने की मांग जोर.शोर से उठाई। वकीलों का कहना है कि राजस्थान तथा केरल और झारखंड जैसे राज्यों की तर्ज पर आगामी मानसून सत्र में ही यह कानून लाया जाना चाहिए ताकि अधिवक्ता बिना किसी भय के न्यायालय में अपनी भूमिका निभा सकें। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यह किसी एक वकील का विषय न होकर पूरे अधिवक्ता समाज की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। उन्होंने पुलिस व संबंधित जांच एजेंसियों से धमकी देने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ त्वरित निष्पक्ष जांच और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।



## News कॉर्नर

### गड्ढे भरने के लिए सड़क पर डाली जा रही मिट्टी

**नैनीताल।** नैनीताल-काठगोदाम मार्ग पर सड़क के गड्ढे वाहन चालकों के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। गड्ढों की शिकायतों के बाद अब इन्हें भरने के लिए मिट्टी डाली जा रही है। बारिश के बीच मिट्टी डालकर गड्ढे भरने की यह कवायद लोगों के लिए राहत के बजाय परेशानी का कारण बनती नजर आ रही है। नैनीताल-काठगोदाम मार्ग पर जगह.जगह पड़े गहरे गड्ढों के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतों के बाद संबंधित विभाग ने सड़क की स्थिति का संज्ञान लियाए लेकिन गड्ढों में मिट्टी डालकर उन्हें भरने का काम शुरू कर दिया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य हिमांशु पांडे और कमला जोशी का कहना है कि बारिश के दौरान मिट्टी गीली होकर कीचड़ में बदल जाती है। इससे सड़क पर फिसलन बढ़ जाती है और दोपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। एनएचएआई के अधिशासी अभियंता महेंद्र कुमार ने बताया कि सड़क पर मिट्टी डालने के लिए मना किया गया है। यदि सड़क पर मिट्टी डाली जा रही है तो इसका संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### आशाओं ने मांगों के लिए अस्पताल में किया प्रदर्शन

**काशीपुर।** आशा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों के लिए मंगलवार को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय में धरना-प्रदर्शन किया। शीघ्र मांगों का निस्तारण नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन के बैनर तले आशा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि आशाओं ने मानदेय 11,500 रुपये करने, न्यूनतम वेतन, कर्मचारी का दर्जा देने, सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपये देने, सभी अस्पतालों में आशा घर का निर्माण कराने और आशाओं की छंटनी बंद करने सहित 10 सूत्री मांगों का निस्तारण करने की मांग की है। शाखा अध्यक्ष सुधा शर्मा और पूर्व अध्यक्ष स्नेहलता चौहान ने बताया कि सीएमएस डॉ. संदीप दीक्षित के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेज चुके हैं।

# स्व. गुलाब सिंह की 100वीं जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया भावपूर्ण स्मरण

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. गुलाब सिंह की 100वीं जन्म जयंती के अवसर पर स्वराज आश्रम, हल्द्वानी में जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने स्व. गुलाब सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा उनके सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन को स्मरण किया हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि स्व. गुलाब सिंह कांग्रेस के समर्पित सिपाही और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध नेता थे। उनका पूरा जीवन जनसेवा और सार्वजनिक जीवन के उच्च



आदर्शों को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि राजनीति में पद महत्वपूर्ण नहीं होता, बल्कि समाज और जनता के प्रति जिम्मेदारी महत्वपूर्ण होती है और स्व. गुलाब सिंह जी ने अपने जीवन में इस भावना को चरितार्थ किया। उन्होंने कहा कि स्व. गुलाब सिंह की सादगी, सहजता, संघर्षशीलता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को हमेशा याद किया जाएगा। उनकी 100वीं जन्म जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना उनके प्रति सम्मान के साथ-साथ उनके आदर्शों और विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी है। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि स्व. गुलाब सिंह का व्यक्तित्व सादगी, संघर्ष और सेवा की भावना से परिपूर्ण था। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में जिस निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया, वह कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि स्व. गुलाब सिंह जी जैसे वरिष्ठ नेताओं ने अपने संघर्ष और समर्पण से कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी 100वीं जयंती पर उन्हें याद करना उनके योगदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कांग्रेस कार्यकर्ता उनके बताए आदर्शों पर चलकर जनहित के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि स्व. गुलाब सिंह जी कांग्रेस की विचारधारा और संगठन के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखी।

उन्होंने कहा कि ऐसे वरिष्ठ नेताओं का जीवन नई पीढ़ी के कार्यकर्ताओं को यह सीख देता है कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और जनता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। स्व. गुलाब सिंह जी का जीवन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। कांग्रेसजन उनके आदर्शों को आत्मसात कर आगे बढ़ने का संकल्प लेते हैं। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेसजनों ने स्व. गुलाब सिंह के आदर्शों और मूल्यों को अपने सार्वजनिक जीवन में अपनाने तथा जनहित, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# काठगोदाम में चरस की बड़ी खेप पकड़ी स्कूटी पर सवार दो तस्कर किए गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

काठगोदाम में नशे की खेप खपाने निकले दो कथित तस्करों पर पुलिस और एसटीएफ का शिकंजा कस गया। वाइल्डलाइफ ट्रांजिट रेस्क्यू सेंटर के पास संयुक्त चेकिंग के दौरान टीम ने स्कूटी सवार दो युवकों को दबोच लिया। तलाशी में दोनों के कब्जे से 1.155 किलोग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को भी कब्जे में ले लिया।

नशामुक्ति अभियान के तहत काठगोदाम पुलिस और एसटीएफ कुमाऊं रेंज की टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वाइल्डलाइफ ट्रांजिट रेस्क्यू सेंटर के पास संदिग्ध गतिविधि के आधार पर दो युवकों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में उनके पास से चरस बरामद होने पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार मनोज चंद्र पुत्र भवानी दत्त भट्ट, निवासी बामन चापड़,



तहसील पाटी, चंपावत, उम्र 29 वर्ष, के कब्जे से 609 ग्राम चरस बरामद हुई। वहीं दूसरे आरोपी संजय चंद्र पुत्र जगदीश चंद्र, निवासी अनरिया, तहसील पाटी, चंपावत, के कब्जे से 546 ग्राम चरस मिली। दोनों के पास से बरामद कुल चरस का वजन 1.155 किलोग्राम निकला।

पुलिस ने चरस की खेप ले जाने में इस्तेमाल की जा रही स्कूटी संख्या यूके-04 टीबी-8402 को भी कब्जे में ले लिया। मामले में काठगोदाम कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में काठगोदाम पुलिस और एसटीएफ कुमाऊं रेंज की संयुक्त टीम ने की। टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल प्रताप गड़िया, एसटीएफ के उपनिरीक्षक चंदन सिंह बिष्ट, उपनिरीक्षक प्रकाश भगत और हेड कांस्टेबल मोहित वर्मा शामिल रहे।

# अखिल भारतीय महिला कांग्रेस ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का 42वां स्थापना दिवस मंगलवार को बड़े हर्षोल्लास साथ मनाया गया।

इस अवसर पर जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष के बधाई संदेश का वाचन किया और सभी को शुभकामनाएं दी। यह कार्यक्रम भवाली के कांग्रेस कार्यालय सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संखया में स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष बिष्ट ने बताया की महिला संगठन महिलाओं को सामाजिक न्याय दिलाना तथा उनके आर्थिक एवं सामाजिक अधिकारों के लिए संघर्ष करना और पुरुष सत्तात्मक समाज में महिलाओं को समान अधिकार दिलाने की सफलता के लिए अनेक संघर्ष किए। और सामाजिक न्यायए जन जागरुकता और मानवता के कार्यक्रम को सफलता पूर्वक चलाता है। कहा कि उन्होने संसद में महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न आरक्षण का हमेशा स्वागत किया है परंतु इसके लिए वे किसी शर्त को स्वीकार नहीं करेंगे।

इस अवसर पर सुमन आर्या, शांति तिवारी, धनी दुमका, कुमारी रितु, पुष्पा देवी, जानकी आर्या, सोनम, कुमारी रचना, लक्ष्मी नेगी, जया कपिल, फैमीदा बेगम, सुनीता बिष्ट, पुष्पा देवी तथा गीता बिष्ट आदि महिलाएं उपस्थित थी।




# अधिकारियों को हाईकोर्ट में जमकर लगाई फटकार

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट में नैनीताल के ज्योलीकोट क्षेत्र में दूषित पानी से बीमारी फैलने के मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी, सीएमओ और जल संस्थान के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। प्रशासन के अधिकारियों ने स्थिति सामान्य होने तथा टैंकरों से जलापूर्ति करने और जल स्रोतों के सैंपल सामान्य पाए जाने का दावा किया, हालांकि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट ने इन दावों की पोल खोल दी।

बोर्ड द्वारा वीरभट्टी तथा बेलुआखान, प्रेमा जगाती स्कूल और सरिताताल समेत 10 जगहों से लिए गए सभी सैंपल इंडियन ड्रिंकिंग वाटर लैब की जांच में फेल पाए गए और पानी में घातक बैकटीरिया मिले। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट में भी 5 में से 4 सैंपल फेल पाए गए। दूसरी ओर मंगलवार को खुर्पाताल क्षेत्र के निवासियों की ओर से भी एक प्रार्थना पत्र कोर्ट में पेश किया गया जिसमें सरिताताल के आसपास सीवर लाइन चोक होकर गन्दगी पेयजल स्रोतों व पेयजल लाइन से जुडने से क्षेत्र में बीमारी फैलने की आशंका जताई गई है। जिसे कोर्ट ने रिकॉर्ड में लिया है।

मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने प्रदूषण बोर्ड और स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट में पानी दूषित पाए जाने पर कोर्ट ने उपस्थित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि अधिकारी ग्रामीणों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशील नहीं हैं। एक माह पूर्व ग्रामीणों द्वारा बदबूदार पानी की शिकायत करने के बावजूद समय पर संज्ञान न लेने और संतोषजनक कदम न उठाने पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने प्रदेश के मुखय सचिव को पूरे मामले की सीधी निगरानी करने के निर्देश दिए हैं और अगले सप्ताह तक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने को कहा है। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जल जनित बीमारी रोकने के लिये किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

कोर्ट के कड़े रुख के बाद प्रशासन ने मामले की जांच के लिए बनाई गई कमेटी में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी शामिल करने की बात कही है। स्वास्थ्य विभाग की सीएमओ को भी प्रभावित परिवारों की स्थिति पर अलग से शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रभावित क्षेत्रों से तुरंत नए सैंपल लेने और प्रशासन को पूरे नैनीताल क्षेत्र की वाटर टेस्टिंग कराने के आदेश जारी किए हैं।

### राष्ट्रीय हॉकी अंपायर अहमद सिद्दीकी का निधन

**नैनीताल ।** नैनीताल के प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी व राष्ट्रीय हॉकी अंपायर तथा डीएसए के पूर्व उपाध्यक्ष तथा अंजुमन इस्लामियां के पूर्व सदर एवं व्यापारी नेता रहे अहमद सिद्दीकी का लगभग 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। मंगलवार शाम की नमाज के बाद उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मरहूम अहमद सिद्दीकी हॉकी, फुटबॉल और क्रिकेट के कुशल खिलाड़ी रहे। क्रिकेट में शुरुआत तेज गेंदबाज के रूप में की लेकिन बाद में अपनी बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी के लिए पहचान बनाई।

# ज्योलिकोट में जन जनित रोग प्रकरण: 235 लोगों की स्वास्थ्य जांच

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है।

मंगलवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में कुल 235 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई जबकि 61 लोगों के बलड सैंपल लिए गए वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में 82 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उपचार की आवश्यकता वाले 4 मरीजों को भर्ती कर चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया। दूसरी ओर आईएलबीएस नई दिल्ली से आई विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट का निरीक्षण किया गया। टीम में डॉ. सत्येंद्र पाल सिंह असिस्टेंट प्रोफेसरए डिपार्टमेंट ऑफ हेपेटोलॉजी तथा डा. रेशु अग्रवाल असिस्टेंट प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ कलीनिकल वायरोलॉजी शामिल रहे। आईएलबीएस की टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के लिए की गई व्यवस्थाओं को अच्छी एवं संतोषजनक बताया। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में सेंट्रल हॉस्पिटल के डॉ. अनुराग सरकार जनरल फिजिशियन तथा डॉ. वैशाली पांडे द्वारा अपनी ओपीडी सेवाएं प्रदान की गई। सीएमओ डॉ. रश्मि पंत ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श मुहैया कराने के लिए 14416 टेली.सेवा की सुविधा दी जा रही है। इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति विशेषज्ञ चिकित्सक से सीधे बातचीत कर चिकित्सकीय परामर्श एवं काउंसलिंग प्राप्त कर सकता है।

# ज्योलींकोट में जल जनित बीमारियों से बचाव कार्यों का सांसद अजय भट्ट ने लिया जायजा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल-ऊधमसिंह नगर के सांसद अजय भट्ट ने मंगलवार को ज्योलिकोट क्षेत्र में जल जनित बीमारियों के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित बचाव एवं उपचार कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों से मरीजों को मुहैया कराए जा रहे उपचार, जांच तथा दवाओं तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान सांसद ने स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने



मरीजों के उपचार, जांच और दवाओं की उपलबधता के संबंध में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि जल जनित बीमारियों की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। दिल्ली के साथ ही नैनीताल जिले के विशेषज्ञ चिकित्सकों की भी तैनाती की गई है ताकि प्रभावित लोगों को तत्काल और बेहतर उपचार मिल सके। बाद में सांसद अजय भट्ट ने जल जनित बीमारियों की चपेट में आकर जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से उनके घर पहुंचकर मुलाकात की और घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।श्री भट्ट ने कहा कि पूरे मामले की गहन छानबीन की जा रही है और संबंधित विभागों की जांच जारी है। जांच में यदि किसी की लापरवाही या दोष सामने आता है तो सरकार दोषियों को किसी भी कीमत पर बकशा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता बीमार हुए लोगों को त्वरित एवं बेहतर उपचार मुहैया कराना है इस अवसर पर नैनीताल की विधायक श्रीमती सरिता आर्या, भीमताल के बलॉक प्रमुख हरीश सिंह बिष्ट ,जिला मंत्री पुष्कर जोशी, ग्राम प्रधान हरगोबिंद रावत, कैलाश जोशी तथा हेम चंद्र आर्य आदि मौजूद थे।